एक नजर में

नाबालिक किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

धौरहरा खीरी। थाना धौरहरा क्षेत्र के चमारन रामनगर लहबड़ी गांव में 14 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है।किशोरी की मां ने गांव के ही एक युवक पर बेटी को अपने साथ ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।पुलिस को दी गई तहरीर में नयकी देवी पत्नी रामसागर गौतम निवासी चमारन रामनगर लहबड़ी ने बताया कि 29 अक्टूबर की रात करीब आठ बजे उनकी 14 वर्षीय बेटी को गांव का ही अच्छेलाल पुत्र राममिलन गौतम बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया।मां के मुताबिक किशोरी जाते समय घर से करीब 500 ग्राम चांदी के जेवर भी अपने साथ ले गई है। बेटी के वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी।इस संबंध में कोतवाल अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि किशोरी की मां की ओर से तहरीर मिली है।तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।आरोपी की तलाश की जा रही है।

कमर्शियल वीजा के नाम पर 1.45 लाख रुपये लेने का आरोप

गोला गोकर्णनाथ खीरी। कमर्शियल वीजा दिलाकर दुबई में नौकरी लगवाने के नाम पर 1.45 लाख रुपये लेने और युवक को टूरिस्ट वीजा पर दुबई भेजने का आरोप सामने आया है। पीड़ित पिता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला इस्लाम नगर, अलीगंज रोड निवासी गुड्डू पुत्र कादिर के अनुसार उनका पुत्र राजू मंडी गेट के सामने एक गैराज पर मैकेनिक का काम करता था। उसके साथ रिहान नाम का युवक भी काम करता था। आरोप है कि रिहान के माध्यम से उनकी मुलाकात सारिक पुत्र आशिक निवासी ग्राम रसूलपनाह, थाना गोला से हुई। सारिक ने बेटे को दो वर्ष के कमर्शियल वीजा पर दुबई भेजकर नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। पीड़ित का आरोप है कि इसके लिए उन्होंने ब्याज पर रुपये लेकर 1 लाख 45 हजार रुपये नकद दिए। आरोप है कि 11 अगस्त 2026 को उनके बेटे को कमर्शियल वीजा के बजाय दो महीने के टूरिस्ट वीजा पर दुबई भेज दिया गया। वहां नौकरी नहीं मिलने पर उन्होंने कई बार आरोपी से संपर्क कर कमर्शियल वीजा उपलब्ध कराने की मांग की, लेकिन कथित तौर पर उन्हें टालमटोल कर वापस बुलाने की सलाह दी जाती रही। इसके बाद 5 अक्टूबर 2026 को उन्होंने बेटे को दुबई से वापस बुला लिया। प्रार्थना पत्र के मुताबिक 10 अक्टूबर को पीड़ित आरोपी के घर पहुंचा और रुपये वापस मांगने लगा। आरोप है कि इस पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए धमकी दी कि वह पुलिस में अच्छी पहचान रखता है और उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भगा दिया। पीड़ित ने बताया कि उसने 12 अक्टूबर को गोला थाने में शिकायत की थी, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर 28 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक लखीमपुर खीरी को प्रार्थना पत्र देकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। फिलहाल मामले में पुलिस की कार्रवाई का इंतजार है।

पेट्रोल पंप के पास भीषण सड़क हादसा बाइक सवार घायल

लखीमपुर खीरी। रविवार की शाम करीब 5 बजे तेतारपुर पेट्रोल टंकी के पास बाइक और कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के बाद बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम लखनऊपुर निवासी मुन्ना 30 पुत्र सरजू प्रसाद इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची खैरीहा पुलिस की निगरानी में 108 एंबुलेंस से घायल को जिला अस्पताल भेज दिया। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। फिलहाल घायल मुन्ना की हालत गंभीर बताई जा रही है। वाहन नंबर के आधार पर पुलिस की जांच और कार्रवाई की जा रही है।

मौसम की मार सेहत पर भारी, 84 मरीजों का उपचार

शुक्लागंज, उन्नाव। मौसम में उतार-चढ़ाव के चलते मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ने लगा है। रविवार को नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित साप्ताहिक स्वास्थ्य मेले में 84 मरीज पहुंचे। चिकित्सकों ने जांच के बाद मरीजों को निशुल्क दवाएं वितरित कीं।स्वास्थ्य मेले में वायरल बुखार, सर्दी-जुकाम, डायरिया, डिहाइड्रेशन, फूड प्वाइजनिंग और त्वचा संबंधी समस्याओं से पीड़ित मरीज पहुंचे। स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि मौसम में बदलाव के साथ खानपान में लापरवाही और दूषित पानी के सेवन से पेट संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। बारिश के बाद जमा पानी से डेंगू और मलेरिया का प्रकोप भी बढ़ सकता है। चिकित्सकों ने लोगों को साफ या उबला पानी पीने, ताजा भोजन करने और पर्याप्त तरल पदार्थ लेने की सलाह दी। उल्टी-दस्त होने पर ओआरएस का घोल लेने तथा बुखार आने पर बिना चिकित्सकीय परामर्श दवा न लेने की अपील की गई। मेले में आयुष चिकित्सक डॉ. अर्चना, ऋतु ओमर, फार्मासिस्ट अवनीश मिश्रा और सिद्धार्थ बाजपेयी समेत स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।

सुंदरकांड पाठ और रामनाम संकीर्तन से भक्तिमय हुआ माहौल

शुक्लागंज, उन्नाव। श्रीराम नाम लेखन महायज्ञ समिति के तत्वावधान में गोपीनाथपुरम स्थित समिति के सह सचिव राजीव मिश्र के आवास पर सुंदरकांड पाठ और रामनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। आचार्य पं. शिव श्याम पांडेय के निर्देशन में यजमान अंशुमान मिश्र ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया।इसके बाद सुंदरकांड, हनुमान चालीसा और श्रिसयाराम जय रामश् संकीर्तन हुआ। अंत में आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। अनिल कुमार मिश्रा और अर्जुन मिश्र ने हारमोनियम व ढोलक पर संगीतमय संगत की, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर संरक्षक आशुतोष शुक्ला, महासचिव ओम प्रकाश, राजीव मिश्र, अमित पांडेय, महेश पांडेय, आचार्य पं. संपूर्णानंद शास्त्री, अशोक शुक्ला, हरिओम पांडेय, श्रीप्रकाश मिश्र, हरिशंकर तिवारी, श्रीकांत पांडेय, विष्णु प्रसाद पांडेय, अंजनी अग्निहोत्री, अनुज तिवारी, लालाराम शुक्ला, श्रीकांत त्रिवेदी, प्रदीप शुक्ला, मुनेश शुक्ला, राजेंद्र मिश्रा और अंजनीकांत मिश्र सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

33 केवी लाइन में फाल्ट से आधे नगर की बिजली गुल

शुक्लागंज, उन्नाव। दीपावली के पर्व और रविवार की छुट्टी पर रविवार सुबह 33 केवी लाइन में ब्रेकड उन होने से आधे नगर की बिजली गुल हो गई। बिजली आपूर्ति ठप होने से लोगों को पेयजल संकट के साथ त्योहार की तैयारियों में भी परेशानी उठानी पड़ी।जानकारी के अनुसार, सुबह विद्युत आपूर्ति के दौरान अचानक तकनीकी खराबी आ गई। कुछ इलाकों की बिजली जल्द बहाल कर दी गई, लेकिन मिश्रा कॉलोनी, शक्तिनगर, फीडर चार और त्रिभुवन खेड़ा में आपूर्ति बाधित रही। विद्युत कर्मियों ने पेट्रोलिंग शुरू की तो आजाद मार्ग के पास 33 केवी लाइन में फाल्ट मिला। इसके बाद कर्मचारियों ने मरम्मत कार्य शुरू किया। करीब सवा तीन घंटे की मशक्कत के बाद फाल्ट ठीक हो सका और चारों प्रभावित फीडरों की बिजली आपूर्ति बहाल हुई। इस दौरान घरों में साफ-सफाई और दीपावली की तैयारियों में जुटे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बिजली आने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ी, विधायक ने लगवाईं सात अतिरिक्त बसें

शुक्लागंज, उन्नाव। बीघापुर के गौरी गांव में आयोजित शिव महापुराण कथा में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सदर विधायक पंकज गुप्ता की ओर से शुरू की गई निशुल्क बस सेवा के दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। भीड़ को देखते हुए विधायक ने सात अतिरिक्त बसों की व्यवस्था कर श्रद्धालुओं को कथा स्थल के लिए रवाना किया।सुबह से ही विधायक पुत्र प्रखर गुप्ता ऋषि आश्रम स्थित कैंप कार्यालय पर व्यवस्थाएं संभालते रहे। विधायक पंकज गुप्ता ने स्वयं पहुंचकर बसों को रवाना किया। श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई। व्यवस्थापक एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश चंद्र शुक्ला ने इस पहल की सराहना की। इस दौरान सतीश शुक्ला, प्रदीप योगी, जितेन सिंह, जितेंद्र सिसोदिया, दीपू पंडित, योगेश अवस्थी और अमरेंद्र गुप्ता समेत कई भाजपा नेता मौजूद रहे। यह बस सेवा कथा अवधि तक प्रतिदिन संचालित होगी। बसें सुबह श्रद्धालुओं को कथा स्थल पहुंचाएंगी और अपराह्न चार बजे वापस लेकर आएंगी।

बकाया रुपये मांगने पर महिला से मारपीट, धमकी

पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के सराय मनिहार गांव में बकाया रुपये मांगने पर महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने गांव के तीन लोगों पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।गांव निवासी कमला देवी के अनुसार, एक नवंबर 2026 को वह सोनू पुत्र शिवप्रसाद से अपने बकाया 10 हजार रुपये मांगने गई थीं।

यातायात माह का शुभारंभ, डीएम-एसएसपी ने दिखाई हरी झंडी



उन्नाव। सड़क हादसों पर अंकुश लगाने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को यातायात माह-2026 का शुभारंभ हुआ। डीएम घनश्याम मीना और एसएसपी जय प्रकाश सिंह ने जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।डीएम ने कहा कि सड़क सुरक्षा प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। वाहन चलाते समय निर्धारित गति सीमा, यातायात संकेतों और नियमों का पालन करें। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं जागरूक रहने के साथ परिवार और आसपास के लोगों को भी जागरूक करने की अपील की। एसएसपी ने कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल एक माह तक सीमित न रहे, बल्कि इसे आदत बनाएं। दोपहिया वाहन चालक हेलमेट और चारपहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें।– **नुक्कड़ नाटक से दिया सुरक्षा का संदेश** कार्यक्रम में किंग्सन इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए यातायात नियमों की अनदेखी से होने वाले हादसों को दर्शाया। क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया गया। डीएम ने ट्रक और स्कूली वाहन चालकों के लिए विशेष जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित कराने के निर्देश दिए। इस दौरान एसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव, एएसपी शैलेंद्र लाल, सीओ सिटी विनी सिंह, सीओ यातायात प्रदीप कुमार मौर्य सहित पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

मेगा शिविर में 25 विभागों ने बांटी योजनाओं की सौगात



उन्नाव। समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से रविवार को निराला प्रेक्षागृह में मेगा विधिक साक्षरता एवं सेवा शिविर आयोजित किया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित शिविर की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश सत्येन्द्र कुमार ने की। डीएम घनश्याम मीना और एसएसपी जय प्रकाश सिंह भी मौजूद रहे। शिविर में 25 से अधिक विभागों ने स्टॉल लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। पात्र लाभार्थियों को पेंशन और आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। जरूरतमंदों को सिलाई मशीन, दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल और सहायक उपकरण दिए गए। मत्स्य पालकों को मोपेड विद आइस तथा खिलाड़ियों को खेल सामग्री वितरित की गई। इसके अलावा विवाह सहायता योजनाओं के लाभार्थियों को धनराशि दी गई। नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन और गर्भवती महिलाओं की गोदभराई भी कराई गई। जनपद न्यायाधीश ने लोगों से मध्यस्थता के जरिए विवादों का निस्तारण कराने और 12 दिसंबर 2026 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने बताया कि 15100 हेल्पलाइन के माध्यम से 24 घंटे निशुल्क विधिक सहायता प्राप्त की जा सकती है। डीएम ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के उत्पादों की सराहना करते हुए स्वरोजगार अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, विभिन्न विभागों के कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

गर्भवती डॉग को कार से कुचलने का आरोप, कार्रवाई की मांग

उन्नाव। गर्भवती फीमेल डॉग को कार से कुचलकर घायल करने और शिकायत करने पर एससी-एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगा है। मामले में निहाल जायसवाल ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।शिकायतकर्ता के अनुसार, 18 अक्टूबर को घर के बाहर बैठी गर्भवती डॉग को आर्यन पुत्र प्रेमचंद गौतम ने कार से कुचल दिया। हादसे में उसकी रीढ़ की हड्डी टूट गई। घायल डॉग का हनुमंत जीव आश्रय में उपचार कराया जा रहा है। आरोप है कि घटना की शिकायत करने पर कार चालक के पिता ने अभद्रता की और डॉग का इलाज कराने से इन्कार करते हुए एससी-एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी दी। इसको लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी भी हुई। शिकायतकर्ता ने बताया कि मोहल्ले के लोगों और मकान मालिक ने भी घटना पर नाराजगी जताते हुए उसका समर्थन किया है।

धनुष यज्ञ और लक्ष्मण-परशुराम संवाद ने मोहा मन

बांगरमऊ, उन्नाव। कस्बा गंजमुरादाबाद में आयोजित श्रीरामलीला महोत्सव में शनिवार रात धनुष यज्ञ और लक्ष्मण-परशुराम संवाद का सजीव मंचन किया गया।

कलाकारों के भावपूर्ण अभिनय और प्रभावशाली संवादों ने दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा।

कानपुर से आए कलाकारों ने मंचन में दिखाया कि मिथिला में सीता स्वयंवर के दौरान भगवान श्रीराम के शिवधनुष तोड़ने पर भगवान परशुराम क्रोधित होकर राजा जनक की सभा में पहुंचते हैं। इसके बाद लक्ष्मण और परशुराम के बीच तीखा संवाद होता है।

लक्ष्मण के व्यंग्यात्मक जवाबों और परशुराम के क्रोधपूर्ण तेवरों ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। वहीं, भगवान श्रीराम ने विनम्रता और शांत स्वभाव से परशुराम का क्रोध शांत करने का प्रयास किया।

तीन नवंबर को लखनऊ में भाकियू (अ) का बड़ा आंदोलन



लखीमपुर खीरी। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर 3 नवंबर 2026 को लखनऊ में बड़ा आंदोलन करेगी। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी हरिनाम सिंह वर्मा के निर्देश पर मंडल आयुक्त कार्यालय पर विशाल धरना-प्रदर्शन और घेराव किया जाएगा। जिलाध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन के नेतृत्व में जनपद लखीमपुर खीरी से बड़ी संख्या में किसान और संगठन के पदाधिकारी आंदोलन में शामिल होने लखनऊ पहुंचेंगे।आंदोलन में गन्ने के मूल्य में बढ़ोतरी, चीनी मिलों पर बकाया गन्ना भुगतान तत्काल कराने, बाढ़ व अतिवृष्टि से बर्बाद फसलों का उचित मुआवजा दिलाने और सरकारी धान क्रय केंद्रों पर खरीद सुनिश्चित कराने जैसी प्रमुख मांगें उठाई जाएंगी। किसान यूनियन का आरोप है कि मंडियों में धान पड़ा होने के बावजूद अभिलेखों का सत्यापन नहीं हो पा रहा है। किसान कई दिनों से सत्यापन के इंतजार में परेशान हैं और मजबूरी में औने-पौने दामों पर राइस मिलों को धान बेच रहे हैं। संगठन ने किसानों की समस्याओं का समाधान न होने पर आर-पार की लड़ाई लड़ने का ऐलान किया है।

माता के जागरण में भजनों पर झूमे श्रद्धालु



अजगैन, उन्नाव। कस्बे के रामसाला मैदान में नवयुवक कमेटी की ओर से पांचवें माता रानी के जागरण का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माता के दर्शन किए और भजन-कीर्तन का आनंद लिया। माता के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ अजगैन प्रधानपति रेशु तिवारी और नवाबगंज नगर पंचायत अध्यक्ष दिलीप लश्करी ने माता रानी के दरबार में पूजन-अर्चन कर किया। इसके बाद भजन-कीर्तन का सिलसिला शुरू हुआ। कानपुर से आईं भजन गायिका नेहा कंकर ने अपनी भक्ति प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उनके भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। जागरण के दौरान भव्य झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। देर रात तक श्रद्धालु माता रानी की भक्ति में लीन रहे। नवयुवक कमेटी की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए।

पुलिस की पहल से फिर एक हुए 14 दंपती

उन्नाव। छोटी-छोटी बातों पर विवाद के चलते टूटने की कगार पर पहुंचे 14 परिवारों में एक बार फिर खुशियां लौट आईं।

उन्नाव पुलिस की काउंसलिंग और समझाइश के बाद सभी दंपतियों ने पुराने गिले-शिकवे भुलाकर साथ रहने का संकल्प लिया।एसएसपी जय प्रकाश सिंह के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केंद्र और विभिन्न थानों की महिला हेल्प डेस्क पर विवादित जोड़ों की काउंसलिंग कराई गई।

परामर्शदात ाओं और महिला पुलिसकर्मियों ने दोनों पक्षों की समस्याएं सुनकर उन्हें आपसी प्रेम, विश्वास, सम्मान और पारिवारिक जिम्मेदारियों का महत्व समझाया।

दशहरा मेले में नवभारत स्कूल के बच्चों ने मारी बाजी



लखीमपुर खीरी। नगरपालिका लखीमपुर द्वारा आयोजित स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम दशहरे मेले में आयोजित किया गया। लखीमपुर के अनेक स्कूलों के बच्चों ने प्रतियोगिता लिया जूनियर व सीनियर वर्ग में थी।हर्ष की बात यह है की दोनों वर्गों ही नवभारत स्कूल के बच्चों ने अपना परचम फहराया ।

जूनियर वर्ग में विद्यालय के विद्यार्थियों दिव्य साहू, आकर्ष यादव, रितिक सक्सेना, देवांश मौर्या, शौर्य प्रताप सिंह एवं सौभाग्य पाण्डे ने 'स्वच्छता अभियान' पर आधारित प्रभावशाली नाटिका प्रस्तुत की। वहीं, सीनियर वर्ग में अभिराज वर्मा, अखण्ड प्रताप सिंह, सूर्यांश मौर्या, अनुभव गुप्ता एवं गगन गुजराती ने 'नीट एग्जाम मोटिवेशन ' विषय पर कार्यक्रम प्रस्तुत कर निर्णायक मंडल का ध्यान आकर्षित किया।

दोनों ही प्रस्तुतियों को सराहना मिली और दोनों वर्गों में विद्यालय ने प्रथम स्थान हासिल किया। स्वच्छता पर आधारित कार्यक्रम को विशेष प्रोत्साहन मिला नगरपालिका द्वारा इस नाटिका को आने वाले समय में अपने कार्यक्रमों का हिस्सा बनाने का आश्वासन दिया । बच्चों को पुरस्कृत करने के साथ नगरपालिका द्वारा बच्चों को नगद पुरस्कार दिया। दोनों वर्गों में प्रथम स्थान पाने विधालय में खुशी की लहर है विधालय के प्रबंधक स्वर्ण सिंह कंबोज व प्रधानाचार्य रामनरेश मिश्रा ने बच्चों व अध्यापकों तथा कार्यक्रम के डायरेक्टर सुमित सेक्सना को बधाई दी।

एक नजर में

महिला से मारपीट, दो पर मुकदमा दर्ज

असोहा, उन्नाव। थाना क्षेत्र के हरीनामखेड़ा गांव में महिला से गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।गांव निवासी रंगाना ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 22 अक्टूबर की दोपहर वह अपने दरवाजे पर बैठी थीं।

तभी गांव के रामदास और रामपाल पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने लात-घूंसों से उनकी पिटाई कर दी। शोर सुनकर परिजन और पड़ोसी बचाने दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। थानाध्यक्ष फूल सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफसंबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

बड़े भाई ने छोटे भाई पर किया लाठी से हमला

असोहा, उन्नाव। थाना क्षेत्र के कंदरपुर गांव में शराब के नशे में बड़े भाई ने छोटे भाई पर लाठी से हमला कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफमुकदमा दर्ज किया है।

गांव निवासी रामेश्वर ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका बड़ा भाई गिरिजा शंकर आए दिन शराब के नशे में उसकी पत्नी और बच्चों को गाली-गलौज करता है। बीते गुरुवार शाम वह दरवाजे पर खड़े होकर अपनी मां से बात कर रहा था।

तभी गिरिजा शंकर लाठी लेकर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए उस पर हमला कर दिया। शोर सुनकर पड़ोसी बचाने दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। थानाध्यक्ष फूल सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

कुल्हाड़ी और गड़ासे से हमला, कई घायल

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के मरुई नईमपुर गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक युवती और उसके परिजनों पर कुल्हाड़ी व गड़ासे से हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में युवती और उसके पिता समेत कई लोग घायल हो गए। गंभीर हालत में दोनों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।पीड़िता राजकुमारी के मुताबिक, शनिवार सुबह उसकी भतीजी की बेटी लकड़ी लेने गई थी। आरोप है कि गांव के ही दो भाइयों ने उसे घर के अंदर खींच लिया और उसके साथ अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर मारपीट की।

शोर सुनकर पहुंचे आरोपियों के माता-पिता ने भी हमला कर दिया। आरोप है कि एक आरोपी ने कुल्हाड़ी से युवती के सिर और हाथ पर वार कर दिया, जिससे उसके हाथ की नस कट गई। बचाने पहुंचे उसके पिता पर भी कुल्हाड़ी और गड़ासे से हमला किया गया। बीच-बचाव करने पहुंचीं युवती की दोनों बहनों को भी पीटा गया। पुलिस की मौजूदगी में घायलों को सीएचसी बिछिया पहुंचाया गया, जहां से गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीड़िता ने आरोपी दंपती और उनके पुत्रों के खिलाफतहरीर दी है। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

साहित्यकार दर्द कानपुरी का निधन साहित्य जगत में शोक

बीघापुर, उन्नाव। वरिष्ठ साहित्यकार एवं 'संघश्री' पत्रिका के पूर्व संपादक विजय कुमार पांडेय उर्फदर्द कानपुरी का रविवार को लखनऊ में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही साहित्य प्रेमियों और क्षेत्र के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई।

दर्द कानपुरी अपने मुक्तकों के लिए विशेष रूप से जाने जाते थे। उन्होंने मुंबई से साहित्य साधना की शुरुआत की और कानपुर व रायबरेली में रहकर साहित्य सृजन किया। पिछले छह वर्षों से वह अपनी जन्मभूमि बीघापुर में रहकर साहित्य साधना कर रहे थे। उनके निधन को साहित्य जगत की अपूरणीय क्षति बताते हुए कवि अनुज तिवारी, डॉ. शिवपाल लोधी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुधीर बाजपेयी, बीना अग्निहोत्री, रामदयाल भारतीय, दिलीप बाजपेयी, कवि रामकुमार यादव, डॉ. गणेश नारायण शुक्ल, चंद्र किशोर सिंह, एसी बाजपेयी और डीएस त्रिवेदी सहित कई लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को बक्सर घाट पर किया जाएगा।

विवाहिता लापता, मां ने दर्ज कराई गुमशुदगी

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के कोदइया खेड़ा गांव से 21 वर्षीय विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चलने पर मां ने रविवार को कोतवाली में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है।

गांव निवासी रामपियारी के मुताबिक, उनकी 21 वर्षीय विवाहित बेटी सुधा 23 अक्टूबर की शाम करीब सात बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई। देर तक वापस न लौटने पर परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। कोतवाली प्रभारी भवन सिंह मौर्य ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर सीमावर्ती थानों और डीसीआरबी को सूचना भेजी जा रही है।

हृदय नारायण दीक्षित प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य बनाये जाने पर खुशी

पुरवा, उन्नाव। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित को भाजपा की उत्तर प्रदेश प्रदेश कार्यसमिति का सदस्य बनाए जाने पर स्थानीय कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन के लिए महत्वपूर्ण निर्णय बताते हुए प्रसन्नता जताई।

भाजपा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र लोधी ने कहा कि हृदय नारायण दीक्षित के अनुभव और मार्गदर्शन से संगठन के कार्यकर्ताओं को नई दिशा मिलेगी। उनके जुड़ने से पार्टी संगठन को मजबूती मिलेगी और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा। इस अवसर पर दिवाकर शुक्ला, सतीश कुशवाहा, विकास शुक्ला, राजकुमार राजपूत, प्रदीप शर्मा और रामनरेश कुरील सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की।

पांच किमी दूर मिला गंगा में डूबे युवक का शव

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। काली मिट्टी-दबौली मार्ग पर हिंदूपुर के पास दो दिन पहले सड़क कटान के चलते गंगा में समाई कार में लापता हुए युवक का शव रविवार को घटनास्थल से करीब पांच किलोमीटर दूर बंदी माता घाट के पास उतराता मिला। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, कार की तलाश जारी है।

शुक्रवार शाम सफीपुर निवासी तरुण गौड़ पुत्र विजय कुमार गौड़ अपने साथी विजय शंकर के साथ कार से शिवराजपुर जा रहा था। हिंदूपुर के पास सड़क कटान वाले स्थान पर कार अनियंत्रित होकर गंगा में समा गई। हादसे में विजय शंकर किसी तरह बाहर निकल आया, जबकि तरुण कार समेत डूब गया। पुलिस, प्रशासन, स्थानीय गोताखोरों और एसडीआरएफने शुक्रवार से ही तलाश शुरू की थी, लेकिन दो दिन तक कोई सुराग नहीं मिला। रविवार को युवक का शव बंदी माता घाट के पास मिला।

– सड़क पर बनाई जा रही दीवार

हादसे के बाद लोक निर्माण विभाग ने घटनास्थल से करीब सौ मीटर पहले सड़क पर मोटी दीवार बनाने का काम शुरू करा दिया है, ताकि इस खतरनाक मार्ग पर आवागमन रोका जा सके और भविष्य में हादसों की आशंका कम हो।

दीप जलाकर शहीदों को किया नमन

शुक्लागंज, उन्नाव। देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए शहीद हुए सैनिकों और देश में शांति व्यवस्था बनाए रखने के दौरान प्राण न्योछावर करने वाले पुलिसकर्मियों की स्मृति में प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी 'शहीदों को नमन' कार्यक्रम आयोजित किया गया।

तेजीपुरवा स्थित श्री आदिशक्ति धाम परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों, पूर्व सैनिकों और सैकड़ों लोगों ने दीप जलाकर तथा पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान दो मिनट का मौन भी रखा गया।संस्था के प्रमोद गोड़िया ने कहा कि लोग त्योहार अपने परिवार के साथ मनाते हैं, जबकि सेना के जवान सीमाओं पर और पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहकर अपना कर्तव्य निभाते हैं। इस दौरान कई जवान देश की रक्षा करते हुए शहीद हो जाते हैं। उन्हीं अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम में सदर विधायक पंकज गुप्ता, सपा जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र शुक्ला, डॉ. अभिनव कुमार, प्रशांत कटियार, सुरेश शुक्ला, संजय सिंह चौहान, रामबाबू निषाद, राजकुमार पाल, कमल तिवारी, दीपक राजपूत, पवन साहू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।